जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांक/ जीविवि/दीक्षांत/2024/1244 दिनांकः 10/09/2024

// विज्ञप्ति //

सर्व संबंधितों के सूचनार्थ अधिसूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय का दीक्षान्त समारोह 15 अक्टूबर, 2024 को होना प्रस्तावित है, जिसमें सत्र 2022-23 एवं 2023-24 में विश्वविद्यालय की विभिन्न परीक्षाओं में सफल हुए अभ्यार्थियों को उपाधियों से अलंकृत किया जावेगा।

अतः ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने सत्र 2022-23 एवं 2023-24 में स्नातकोत्तर/ पी-एच.डी. उपाधि अर्जित की है, वे जीवाजी विश्वविद्यालय की वेवसाइट (www.jiwaji.edu) पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन करेंगे। उपरोक्त आवेदन हेतु पंजीयन शुल्क रूपये **500/- केवल स्नातकोत्तर उपाधि धारकों के लिये तथा रूपये 1000/- केवल पी-एच.डी. उपाधि धारकों के लिये** (पंजीयन शुल्क रूपये 500/- एवं उपाधि शुल्क रूपये 500/-) के लिये निर्धारित किया गया है। इच्छुक अभ्यार्थी अपना आवेदन एवं निर्धारित शुल्क एम.पी. ऑनलाईन के माध्यम से **दिनांक** 30.09.2024 तक जमा कर सकते हैं।

ऑनलाईन आवेदन करते समय अभ्यार्थियों द्वारा रंगीन पासपोर्ट साइज फोटो, आई.डी.प्रूफ (आधारकार्ड/पेनकार्ड/पासपोर्ट), अन्तिम वर्ष/सेमेस्टर की अंकसूची/पी-एच.डी. उपाधिधारकों के लिये नोटिफिकेशन स्केन कर संलग्न करना अनिवार्य होगा। कार्यक्रम के आयोजन से संबंधित विस्तृत विवरण विश्वविद्यालय की बेवसाइट www.jiwaji.edu पर उपलब्ध रहेगा।

अन्य किसी भी जानकारी के लिये मोबाइल नंबर 9893003638, 9425360630, 9165086188 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

नोटः उपरोक्त समस्त प्रपत्रों को अभ्यार्थी अच्छी क्वालिटी में स्केन करावें ताकि उन्हें पढ़ने में कोई परेशानी न हो।

कुलसचिव

प्रति,

1. संपादक.................. दैनिक समाचार पत्र की ओर इस आशय के साथ कि उक्त अधिसूचना अपने लोकप्रिय समाचारपत्र में दिनांक .... के अंक में न्यूनतम साइज में प्रकाशित कर देयक भुगतान हेतु कुलसचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर की ओर भेजने का कष्ट करें।
2. वित्त नियंत्रक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
3. कुलगुरू के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
4. कुलसचिव के निजी सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
5. श्री एच.के.द्विवेदी, प्रभारी आई.टी.सेल की ओर इस निर्देश के साथ कि वे अधिसूचना विश्वविद्यालय की बेवसाइट पर आज दिनांक 10.09.2024 को अपलोड करावें।

सहायक कुलसचिव (अकादमी)